सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 239 | इंदौर, सोमवार 16 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Rajya Sabha Election: कांग्रेस के यह विधायक पहुंच से बाहर! बिहार के राज्यसभा चुनाव में हो गया खेला?
2. Odisha SCB Medical College Fire: कटक के मेडिकल कॉलेज में लगी भीषण आग, 10 मरीजों की मौत; 11
3. West Asia Crisis LIVE: जापान-AUS का होर्मुज में नौसेना भेजने से इनकार; सऊदी अरब ने 23 ड्रोन रोकने का दावा किया
4. UP: मुरादाबाद में भीषण हादसा, ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी तेज रफ्तार कार, नैनीताल निवासी समेत चार युवकों की मौत
5. US: क्या ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिर गए हैं ट्रंप? कमजोर जनसमर्थन और बढ़ती महंगाई बनी बड़ी चुनौती

# नेपानगर में सीएम डॉ. मोहन यादव ने खोला विकास का पिटारा

## राहुल गांधी पर साधा निशाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बुरहानपुर के नेपानगर में आयोजित 'जनजातीय सम्मेलन' में सहभागिता कर 363 करोड़ से अधिक की लागत के 127 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपानगर की प्राकृतिक संपदा, कृषि, जल और मानव संसाधन इसे खास बनाते हैं। जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत ने इसे और महत्वपूर्ण बनाया है। उन्होंने बताया कि नेपानगर ने हमेशा भाजपा को जीत दिलाई है और जिले का विकास लगातार बढ़ रहा है। कृषि से लेकर उद्योग तक यहां की अलग पहचान है और युवाओं को राज्य में ही रोजगार मिलेगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान कई सौगातें देते हुए कहा कि नेपानगर के कॉलेज में एग्रीकल्चर विषय पढ़ाया जाएगा। डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार उत्थान बनाया जाएगा। धूलकोट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा, लोखंडिया से हसीनाबाद मार्क का चौड़ीकरण किया जाएगा, ग्राम दस घाट केर पानी मार्ग ताप्ती नदी पर उच्च स्तरीय पुल बनेगा, असीरगढ़ के किले को पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। वन अधिकार के पट्टों को रजिस्ट्री में बदला जाएगा। इसमें




लगने वाली 5 हजार करोड़ की राशि सरकार माफ करेगी। वनाधिकार के पट्टों का सर्वे होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव की प्राथमिकता तय करने में ग्राम पंचायत और ग्राम सभा को मुख्य भूमिका मिलेगी। जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर काम करेंगे तो विकास की गति तेज होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो और लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### ● कांग्रेस लोकतंत्र का माजक बनाती है

डॉ. यादव ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, लेकिन, दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ता है कि देश तो आगे बढ़ रहा है, लेकिन विपक्ष अमर्यादित व्यवहार कर रहा है। कहां नेता प्रतिपक्ष के रूप में भारत रत्न अटल बिहारी वायपेयी ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया, कहां आज के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपनी नादानियों से इस पद का मान लगातार गिराता जा रहा है। पता नहीं, कांग्रेसियों को क्या हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी अपने खानदान की बात जरूर करते हैं, लेकिन जब देखो तब लोकतंत्र का मजाक बनाते हैं। जब भारत चुनौतियां का सामना कर रहा होता है, तब राहुल गांधी विदेशों में गुलछर्रे उड़ा रहे होते हैं। जब भारत में लोकतंत्र पर अंगुलि उठती है, तब वो लोकसभा से गायब हो जाते हैं। उसके बाद राहुल कहते हैं कि उन्हें बोलने का समय नहीं दिया। राहुल गांधी जब भी मुंह खोलते हैं, भगवान जाने क्या बोलते हैं। अब तो कांग्रेसी भी कहने लगे कि वे उनसे परेशान हैं। कहां जाएगी इनकी पार्टी और ये लोग। भगवान करे कांग्रेस राहुल को अपना नेता बनाए रखे, भाजपा अपने आप आगे बढ़ती जाएगी। उन्होंने कहा कि, मैं आज ये पूछने आया हूं कि कांग्रेस के नेता जवाब दें, जब रूस-यूक्रेन युद्ध हो रहा था, तब वे क्या कह रहे थे।

### ● महिलाओं को सशक्त बना रही सरकार

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना और किसान सम्मान निधि का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि 34वीं किश्त में 1.25 करोड़ बहनों के खातों में राशि भेजी गई। बच्चों के लिए किताबें, यूनिफॉर्म, साइकिल, स्कूटी और लैपटॉप की व्यवस्था की गई है। सरकार दूध उत्पादन बढ़ाने, पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और एयर एंबुलेंस सेवा देने जैसे कार्य कर रही है। आदिवासियों के लिए 47 हजार करोड़ से अधिक का बजट निर्धारित किया गया और भगोरिया को राष्ट्रीय उत्सव बनाया गया।

## होटल एसोसिएशन ने कहा-

# सिलिंडर संकट के बावजूद कर्मचारियों की छंटनी नहीं करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रदेश में होटलों और रेस्टोरेंट्स को मिलने वाली कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति अब तक पूरी तरह सामान्य नहीं होने से होटल सेक्टर में संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है। इस मुद्दे को लेकर मध्य प्रदेश होटल एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें होटल संचालकों ने स्थिति से निपटने के लिए रणनीति बनाई। गैस की अधिक खपत वाले मेन्यू को हटाया जा रहा है और इंडक्शन जैसे वैकल्पिक साधनों का भी उपयोग किया जा रहा है।**

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया के अध्यक्ष सुमित सूरी ने बताया कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है, जिससे आतिथ्य उद्योग के संचालन में कठिनाइयां आ रही हैं।



उन्होंने कहा कि इसके बावजूद होटल उद्योग अपने अतिथियों को सेवा देने के लिए वैकल्पिक साधनों, सीमित मेन्यू और उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से भोजन व्यवस्था बनाए रखने का हर संभव प्रयास कर रहा है। जिन होटलों में आवास, रेस्टोरेंट और बैंक्वेट हॉल संचालित होते हैं, वहां गैस की कमी का असर अधिक देखने को मिल रहा है।

सुमित सूरी ने कहा कि यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो आने वाले समय में होटल और रेस्टोरेंट उद्योग के सामने संचालन संबंधी चुनौतियाँ और बढ़ सकती हैं। होटल सेक्टर रोजगार देने वाला एक बड़ा क्षेत्र है, जिसमें शेफ, किचन स्टाफ, सर्विस स्टाफ, हाउसकीपिंग, तकनीकी कर्मचारी और अन्य सहयोगी कर्मचारी कार्यरत हैं। मौजूदा हालातों के बावजूद उद्योग यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि कर्मचारियों की आजीविका पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

होटल संचालक इस कठिन परिस्थिति में भी अपने कर्मचारियों को काम पर बनाए रखने और किसी प्रकार की छंटनी से बचने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि होटल उद्योग की मजबूती उसके कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण पर ही आधारित है।

मध्य प्रदेश होटल एसोसिएशन ने सरकार से आग्रह किया है कि आतिथ्य उद्योग के महत्व को देखते हुए इस क्षेत्र को आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में रखते हुए सहयोग प्रदान किया जाए, क्योंकि यह क्षेत्र पर्यटन, व्यापारिक गतिविधियों और बड़े पैमाने पर रोजगार से सीधे जुड़ा हुआ है।

# इंदौर मेट्रो का फाइनल टेस्ट शुरू 80 किमी की रफ्तार से ट्रायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में मेट्रो परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। रविवार से मेट्रो ट्रैक का फाइनल निरीक्षण शुरू हो गया है। कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (CMRS) की टीम ट्रैक, स्टेशनों और मेट्रो सिस्टम की बारीकी से जांच कर रही है। इस निरीक्षण के बाद ही मेट्रो के कमर्शियल संचालन की अंतिम मंजूरी दी जाएगी।**



मेट्रो के अंतिम निरीक्षण के लिए सीएमआरएस की 70 से ज्यादा सदस्यों वाली टीम शहर पहुंची है। टीम ने गांधी नगर के आगे से करीब पंद्रह ट्रालियों में बैठकर मेट्रो ट्रैक और स्टेशनों का निरीक्षण शुरू किया। इस दौरान अधिकारियों ने पूरे रूट का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम लवकुश चौराहा ब्रिज के आगे करीब एक घंटे तक रुकी रही। यहां ट्रैक के उस हिस्से की खास जांच की गई, जहां मोड़ यानी कर्व मौजूद हैं। ऐसे स्थानों पर ट्रैक की मजबूती और सुरक्षा मानकों को बहुत ध्यान से परखा गया। निरीक्षण के पहले दिन ट्रॉली रन किया गया। इसके बाद अब मेट्रो ट्रेन को 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाकर ट्रैक की क्षमता और सुरक्षा का परीक्षण किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि तेज रफ्तार में ट्रेन और ट्रैक का प्रदर्शन कैसा रहता है। मेट्रो का नियमित यात्री संचालन तभी शुरू किया जाएगा, जब सीएमआरएस की टीम अपनी अंतिम मंजूरी दे देगी। यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी तरह की तकनीकी खामी सामने आती है, तो उसे पहले ठेकेदार एजेंसियों से ठीक कराया जाएगा। उसके बाद ही संचालन की अनुमति मिलेगी। फिलहाल इस निरीक्षण के चलते छह किलोमीटर के हिस्से में मेट्रो का संचालन बंद कर दिया गया है। इस दौरान ट्रैक के साथ-साथ कोच की रफ्तार, ब्रेक सिस्टम और स्टेशनों की व्यवस्थाओं की भी जांच की जा रही है। यह पूरा निरीक्षण 18 मार्च तक जारी रहेगा। इस समय मेट्रो का संचालन गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर के बांगड़दा तक करीब छह किलोमीटर के दायरे में हो रहा है। लेकिन यह इलाका आबादी से थोड़ा दूर होने की वजह से यहां यात्रियों की संख्या अभी काफी कम रहती है। कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी की टीम पहले ही 11 स्टेशनों और ट्रैक का प्रारंभिक निरीक्षण कर चुकी है। पहले चरण की जांच में किसी तरह की बड़ी खामी सामने नहीं आई थी। अब अंतिम निरीक्षण किया जा रहा है। अगर इस निरीक्षण के बाद मंजूरी मिल जाती है, तो मेट्रो ट्रेन का संचालन गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक शुरू हो सकेगा। इससे करीब 17 किलोमीटर लंबे रूट पर यात्रियों को मेट्रो की सुविधा मिलने लगेगी। मेट्रो के इस विस्तार के साथ ही चंद्रगुप्त मौर्य प्रतिमा स्टेशन, सुखलिया ग्राम स्टेशन, विजय नगर और रेडिसन चौराहा स्टेशन का काम भी लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इन स्टेशनों पर फिलहाल फिनिशिंग वर्क और रंगाई-पुताई का काम चल रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का लक्ष्य है कि मार्च के अंत तक इन स्टेशनों का काम पूरा कर लिया जाए। इसके बाद अप्रैल के पहले सप्ताह में इस पूरे 17 किलोमीटर रूट पर मेट्रो का संचालन शुरू करने की तैयारी है, जिससे शहर के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### सनातन क्रिकेट लीग में ठगी की कोशिश

## वीआईपी पास दिलाने के नाम पर सोशल मीडिया पर मांगे जा रहे रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संयोगितागंज थाना क्षेत्र स्थित नेहरू स्टेडियम में आयोजित सनातन क्रिकेट लीग को लेकर सोशल मीडिया पर ठगी के मामले सामने आए हैं। इस लीग का आयोजन प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर द्वारा किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह है और बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में रुचि दिखा रहे हैं।**

इसी लोकप्रियता का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व लोगों से वीआईपी पास और अन्य एंट्री पास दिलाने के नाम पर पैसे मांग रहे हैं। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि उनके पास नेहरू स्टेडियम में बैठने के आधिकारिक वीआईपी पास उपलब्ध हैं और पैसे देने पर विशेष व्यवस्था के साथ प्रवेश दिलाया जाएगा। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि सोशल मीडिया पर ऐसे कई मैसेज और पोस्ट तेजी से वायरल हो रहे हैं। इसी बीच एक व्यक्ति को इस तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली, जिसके बाद उसने संयोगितागंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया है कि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को गुमराह कर वीआईपी पास दिलाने का दावा कर रहे हैं और इसके बदले ऑनलाइन भुगतान की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि इस तरीके से कई लोगों के साथ धोखाधड़ी हो सकती है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संयोगितागंज पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे मैसेज और संबंधित अकाउंट्स की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि पास देने का दावा करने वाले लोगों का आयोजन से कोई आधिकारिक संबंध है या नहीं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ऑनलाइन पैसे भेजने से पहले पूरी जानकारी की पुष्टि जरूर करें।

## सिलाईकर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमआईजी थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार रात उसका दोस्त उसे मंदिर जाने के लिए बुलाने घर पहुंचा, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। बाद में पत्नी और परिवार के लोगों ने झांककर देखा तो कमरे में युवक का शव फंदे पर लटका मिला। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।**

एमआईजी पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय आकाश पुत्र नरेंद्र बागर ने अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। शनिवार रात उसका शव घर की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में मिला। परिजनों ने बताया कि आकाश ऊपर के कमरे में रहता था और वहीं सिलाई का काम करता था, जबकि उसकी पत्नी और दो साल की बेटी नीचे थे। शनिवार रात आकाश का परिचित कार्तिक उसे मंदिर जाने के लिए लेने आया था। जब वह ऊपर कमरे तक पहुंचा तो आकाश ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद पत्नी को बुलाया गया, लेकिन तब भी दरवाजा नहीं खुला। अंदर झांककर देखने पर आकाश फंदे पर लटका दिखाई दिया। परिजनों ने बताया कि घर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आकाश पर किसी भी तरह का कर्ज भी नहीं था और परिवार ने पारिवारिक विवाद की बात से भी इनकार किया है। परिवार में उसका एक छोटा भाई है, जो नौकरी करता है, जबकि पिता एवरफ्रेश की दुकान चलाते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रविवार को भी खुली रहीं सभी गैस एजेंसियां

## हजारों उपभोक्ताओं को मिली गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर रविवार को भी इंदौर जिले की सभी गैस एजेंसियां खुली रहीं और उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी सुचारू रूप से की गई। अवकाश के दिन भी एजेंसियों के संचालन से उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग, रिफिल और अन्य समस्याओं के समाधान में बड़ी सुविधा मिली। अवकाश के दिन एक दिन में ही 24 हजार 450 घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।




ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने भी इस व्यवस्था को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम की सेल्स ऑफिसर सुश्री अदिति वैष्णव, भारत पेट्रोलियम के आर.के. सिंह, इंडियन ऑयल कंपनी की श्रीमती श्वेता मिश्रा, श्रीमती अंजली पांडे तथा भारत भूषण ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए इंदौर जिले की 106 गैस एजेंसियों को प्लांट से पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए। इसके कारण उपभोक्ताओं को रिफिल प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

सभी गैस एजेंसी संचालकों ने कलेक्टर के निर्देशानुसार अपने कार्यालय प्रातः 9 बजे से खोलकर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं, उनकी बुकिंग दर्ज की और पूरी क्षमता के साथ वाहनों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी की।

जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने भी प्रातः 9 बजे से फील्ड में रहकर गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया और एजेंसियों तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल निराकरण करते हुए होम डिलीवरी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराने में सहयोग दिया।

रविवार को अवकाश के दिन भी इंदौर जिले में लगभग 24 हजार 450 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी की गई, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। जिला प्रशासन ने बताया है कि आगामी दिनों में भी उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार तीन दिवस के भीतर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। जिले की सभी गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और प्लांट से भी प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति प्राप्त हो रही है। आम उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सभी उपभोक्ताओं को समय सीमा में उनकी बुकिंग के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा।

### अग्निवीर सेना भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी एक अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी एवं अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया गया कि इस बार सेना भर्ती में आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। अग्निवीर पदों के लिए एक जुलाई 2005 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे युवा आवेदन कर सकेंगे, जबकि स्थाई पदों के लिए एक जुलाई 2004 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे अभ्यर्थी पंजीयन के पात्र होंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर दें। भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय महू के दूरभाष क्रमांक 7648815570 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बाजार में एक दम से बढ़ी लकड़ी-कोयले व सिगड़ी की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अभी-भी रसोई गैस की किल्लत दूर नहीं हुई है। लोग खाली टंकियां लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं। जिन घरों में रसोई गैस खत्म होने के कगार पर है, वे इसे किफायत से खर्च कर रहे हैं और कोयले, लकड़ी के विकल्प पर जा रहे हैं। इस कारण अब परिवार सिगड़ी भी खरीद रहे हैं।

अमेरिका और इस्राइल व ईरान के बीच जारी जंग का असर अब इंदौर में दिखने लगा है। इंदौर के डेढ़ हजार से ज्यादा रेस्त्रां बंद होने की स्थिति में हैं, जबकि कुछ रेस्त्रां संचालकों ने इंडक्शन खरीद लिए हैं। गैस कंपनियों में भी बुकिंग नहीं हो पा रही है और जो उपभोक्ता बुकिंग कर चुके हैं, उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। लोग अब एजेंसियों पर जाकर मैनुअल बुकिंग करा रहे हैं, क्योंकि सर्वर ठीक से काम नहीं होने के कारण टंकियों की डिलीवरी नहीं हो पा रही है? इसका असर टिंबर मार्केट पर देखा जा रहा है। जलाऊ लकड़ियों की मांग बढ़ गई है। इंदौर में पहले दस से पंद्रह रुपये किलो में लकड़ी मिलती थी। अब वह 20 से 25 रुपये किलो में मिल रही है। नलीदार कोयले की डिमांड भी बढ़ गई है। श्रमिक क्षेत्र में टाल संचालित करने वाले राजेश साहू बताते हैं कि पहले तीन बोरे कोयले की खपत एक दिन में होती थी, लेकिन अब पांच से छह बोरे बिक रहे हैं। आमतौर पर गर्मी के दिनों में सिगड़ी की डिमांड न के बराबर होती है, लेकिन गैस संकट के बाद हर दिन ग्राहक सिगड़ी खरीदने आ रहे हैं। रोज दस से ज्यादा सिगड़ी बिक रही है। इसके अलावा थोक में लकड़ी के भाव भी बढ़ गए हैं। जलाऊ लकड़ी एक हजार रुपये प्रति क्विंटल बिक रही है। गैस संकट से पहले इसकी कीमत साढ़े सात सौ रुपये थी।

# निगम की नेशनल लोक अदालत में 103 करोड़ से ज्यादा का राजस्व जमा हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर ने केवल स्वच्छता में ही नहीं, बल्कि राजस्व में भी अपना परचम फहराया है। इंदौर नगर निगम ने नेशनल लोक अदालत के दौरान 103 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व जमा किया है।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में शहर में लगातार विकास काम के साथ-साथ हर क्षेत्र में काम किया जा रहा है। उसी क्रम में आयोजित नेशनल लोक अदालत में शासन द्वारा दी जा रही छूट का लाभ लेते हुए इंदौर नगर निगम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 103 करोड़ रुपए से ज्यादा की राजस्व वसूली की है। निगम इंदौर में एक दिन में सबसे अधिक राजस्व जमा होने का रिकॉर्ड कायम हुआ है। इस उपलब्धि के साथ ही इंदौर नगर निगम प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों में पहले स्थान पर रहा। नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत नगर निगम इंदौर में 16,759 करदाताओं ने संपत्तिकर सरचार्ज में छूट का लाभ लेते हुए 99.28 करोड़ रुपए और 5276 जलकर उपभोक्ताओं ने सरचार्ज में छूट का लाभ लेते हुए 3 .83 करोड़ रुपए जलकर के रूप में जमा कराए गए। इस प्रकार कुल 103 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व जमा कर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। महापौर कहा कि नगर निगम ने करदाताओं को शासन की छूट योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया। निगम के सभी जोनल ऑफिसों पर विशेष व्यवस्थाएं की, जिससे ज्यादा से ज्यादा करदाता अपनी बकाया राशि जमा कर सकें। उन्होंने कहा कि शहर के विकास कामों में लोगों की भागीदारी काफी महत्वपूर्ण है और करदाताओं के समय पर कर जमा करने से शहर के विकास कामों को गति मिलती है। निगम कमिश्नर ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के अवसर पर नगर निगम इंदौर की राजस्व टीम ने योजनाबद्ध तरीके से काम किया गया। निगम के सभी जोनल ऑफिसों में कैश काउंटरों पर आनेवाले करदाताओं को सहयोग किया और भुगतान प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया।



# प्रेमानंद महाराज के लिए घर छोड़ने वाला किशोर तीसरे दिन गुप्तकाशी में मिला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रेमानंद महाराज के वीडियो और रील देखकर इंदौर से लापता हुआ 15 वर्षीय किशोर गुप्तकाशी में सुरक्षित मिला है। वह तीन दिन पहले इंदौर से घर छोड़कर चला गया था। परिजनों ने उसे जगह-जगह तलाशा, लेकिन उसका पता शनिवार शाम को चला। उसकी गूगल हिस्ट्री में देहरादून सर्च की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने उत्तराखंड पुलिस को किशोर के बारे में बताया था।**

परिजनों ने सोशल मीडिया पर भी उसके लापता होने की सूचना वायरल की थी। इंदौर पुलिस ने बच्चे की जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस और रेलवे पुलिस को भी दी थी, लेकिन वह ट्रेन से गुप्तकाशी तक पहुंच चुका था। रुद्रप्रयाग जनपद की गुप्तकाशी कोतवाली में किशोर सुरक्षित मिला है। उसे पुलिस ने परिजनों व इंदौर पुलिस के हवाले कर दिया है। उससे पहले कुछ औपचारिकताएं पूरी की गईं।

किशोर स्वामी प्रेमानंद महाराज के वीडियो देखता था और भजन भी खूब सुनता था। वह धार्मिक प्रवृत्ति का था। वह प्रेमानंद महाराज से काफी प्रभावित था और उनसे मिलना चाहता था। इंदौर से वह उनसे मिलने के इरादे से ही निकला था, लेकिन वहां तक पहुंच नहीं पाया। जब वह रुद्रप्रयाग क्षेत्र में पहुंचा तो उसे अकेला देख पुलिस की नजर उस पर पड़ी और उससे पूछताछ की गई। इसके बाद रुद्रप्रयाग पुलिस ने इंदौर पुलिस को सूचना दी और किशोर के मिलने की जानकारी परिजनों तक पहुंची। आपको बता दें कि किशोर घर से एक बैग लेकर निकला था। उसने अपनी मां से पांच सौ रुपये लिए थे और इसका जिक्र घर में छोड़े गए पत्र में भी किया था, हालांकि उसके पास कुछ पैसे पहले से थे। किशोर ने देहरादून जाने वाली ट्रेन भी गूगल पर सर्च की थी। इस कारण आशंका थी कि वह ट्रेन से देहरादून गया होगा और यह बात सच निकली। देहरादून जाने के बाद वह प्रेमानंद महाराज के आश्रम जाना चाहता था, लेकिन उसकी यह इच्छा पूरी नहीं हो सकी।

# बाजार में एक दम से बढ़ी लकड़ी-कोयले व सिगड़ी की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अभी-भी रसोई गैस की किल्लत दूर नहीं हुई है। लोग खाली टंकियां लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं। जिन घरों में रसोई गैस खत्म होने के कगार पर है, वे इसे किफायत से खर्च कर रहे हैं और कोयले, लकड़ी के विकल्प पर जा रहे हैं। इस कारण अब परिवार सिगड़ी भी खरीद रहे हैं।**

अमेरिका और इस्राइल व ईरान के बीच जारी जंग का असर अब इंदौर में दिखने लगा है। इंदौर के डेढ़ हजार से ज्यादा रेस्त्रां बंद होने की स्थिति में हैं, जबकि कुछ रेस्त्रां संचालकों ने इंडक्शन खरीद लिए हैं। गैस कंपनियों में भी बुकिंग नहीं हो पा रही है और जो उपभोक्ता बुकिंग कर चुके हैं, उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। लोग अब एजेंसियों पर जाकर मैनुअल बुकिंग करा रहे हैं, क्योंकि सर्वर ठीक से काम नहीं होने के कारण टंकियों की डिलीवरी नहीं हो पा रही है? इसका असर टिंबर मार्केट पर देखा जा रहा है। जलाऊ लकड़ियों की मांग बढ़ गई है। इंदौर में पहले दस से पंद्रह रुपये किलो में लकड़ी मिलती थी। अब वह 20 से 25 रुपये किलो में मिल रही है। नलीदार कोयले की डिमांड भी बढ़ गई है। श्रमिक क्षेत्र में टाल संचालित करने वाले राजेश साहू बताते हैं कि पहले तीन बोरे कोयले की खपत एक दिन में होती थी, लेकिन अब पांच से छह बोरे बिक रहे हैं। आमतौर पर गर्मी के दिनों में सिगड़ी की डिमांड न के बराबर होती है, लेकिन गैस संकट के बाद हर दिन ग्राहक सिगड़ी खरीदने आ रहे हैं। रोज दस से ज्यादा सिगड़ी बिक रही है। इसके अलावा थोक में लकड़ी के भाव भी बढ़ गए हैं। जलाऊ लकड़ी एक हजार रुपये प्रति क्विंटल बिक रही है। गैस संकट से पहले इसकी कीमत साढ़े सात सौ रुपये थी। अब ठेलों पर चाय स्टॉल लगाने वाले भी कोयला खरीदने आ रहे हैं। उधर गैस संकट के कारण कंडों की डिमांड भी पहले की तुलना में बढ़ गई है। दस रुपये प्रति नग मिलने वाले कंडे अब पंद्रह रुपये में बिक रहे हैं। हालांकि, सरकार और प्रशासन ने अपने बयानों के माध्यम से हालात सामान्य होने की बात कही है। वहीं, गैस की किल्लत को लेकर भी तस्वीर सामने आ रही हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिर जमीनी स्तर पर यह संकट कबतक खत्म होगा?

# छात्रा से छेड़छाड़, सगाई तुड़वाने की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में बीकॉम सेकेंड ईयर की छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्रा के परिचित युवक ने उसे रास्ते में रोककर धमकाया और अभद्र व्यवहार किया। पीड़िता का आरोप है कि उसकी सगाई की बातचीत चल रही है और आरोपी उसके होने वाले मंगेतर को भी उसके खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रहा है।

पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय युवती निजी कॉलेज से बीकॉम सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रही है। उसने शिकायत में बताया कि उसका परिचित अरुण पुत्र सिद्धूलाल अहिरवार, निवासी ग्राम इकलेरा जिला राजगढ़, उसे लगातार धमका रहा है। फिलहाल आरोपी इंदौर के विजयनगर क्षेत्र में रह रहा है। शनिवार को जब युवती पैदल अपने घर जा रही थी, तभी आरोपी ने उसे रास्ते में रोककर बात करने का दबाव बनाया और उसका हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर वह अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया, लेकिन जाते-जाते धमकी दी कि वह उसकी कहीं और शादी नहीं होने देगा। छात्रा ने यह भी बताया कि उसकी सगाई की बात चल रही है और आरोपी उसके होने वाले मंगेतर से मिलकर उसे भी भड़काने की कोशिश कर रहा है तथा उसके बारे में अपशब्द कह रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## युवती को किए अश्लील इशारे

भंवरकुआं क्षेत्र में रहने वाली 25 वर्षीय युवती ने छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने एकता नगर निवासी ओमप्रकाश पुत्र मूलचंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि आरोपी उसका पीछा करता है और परेशान करता रहता है। शनिवार को जब वह घर के नीचे पार्सल लेने गई थी, तब आरोपी उसे देखकर अश्लील इशारे करने लगा और गाना गाने लगा। इसके बाद युवती ने रात में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# 225 शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बीती रात पुलिस सरप्राइज चेकिंग करने सड़कों पर उतरी। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर लोगों को रोका और पूछताछ की, साथ ही गाड़ियों की चेकिंग भी की। इस दौरान पुलिस को 225 शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले भी मिले, जिन पर कार्रवाई की। इसके अलावा अवैध रूप से शराब बेचने वाले 6 लोगों पर भी कार्रवाई की गई।**

शहर के चारों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में बीती रात पुलिस सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए सरप्राइज चेकिंग व पेट्रोलिंग की। इस दौरान गुंडे-बदमाशों व असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए कई गुंडे-बदमाशों को चेक करते हुए उचित वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में वांछित कुल 61 से ज्यादा गैर जमानती वारंटों को तामील कराया। इसमें लंबे समय से फरार 16-स्थाई, 45-गिरफ्तारी वारंट तामील किए। इस दौरान अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस को शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले भी मिले। पुलिस ने 225 शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों के खिलाफ 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की। अवैध रूप से अवैध हथियार (चाकू) लेकर घूमने वाले 2 बदमाश को पकड़कर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई।




अवैश शराब बेचने वाले 6 आरोपियों से भी 111 से ज्यादा क्वाटर अवैध देशी शराब, 24 बीयर बॉटल जप्त की, सभी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट की कार्रवाई की। अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वालों के खिलाफ 3 केस दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की। वहीं पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों के खिलाफ 5 केस दर्ज कर कार्रवाई की गई। सदर बाजार पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक तस्कर से 10.39 ग्राम MD ड्रग्स, खजराना पुलिस ने एक आरोपी तस्कर से 12 ग्राम MD ड्रग्स और चंदन नगर पुलिस ने एक आरोपी से आधा किलोग्राम अवैध गांजा जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की। पुलिस ने हॉस्पॉट और शैडो एरिया में भी ड्रोन पेट्रोलिंग कर चेकिंग और निगरानी की। इलाके के अपराधिक प्रवृत्ति के गुंडे-बदमाशों, चाकूबाजों, निगरानीशुदा बदमाश और जिलाबदर व रासुका के बदमाशों को चेक कर कार्रवाई की और आगे कोई अपराध नहीं करने की हिदायत दी। इस दौरान कई फरार अपराधी भी पुलिस गिरफ्त में आए। पुलिस ने चेक किए गुंडे-बदमाशों से डोजियर भी भरवाए।

# इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में बनेंगे "गीता भवन" : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 100 निकायों में भूमि उपलब्ध, 4 शहरों में ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स को मिली मंजूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाएँ जा रहे हैं। गीता भवन के माध्यम से दार्शनिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास है। इन केन्द्रों में युवा पीढ़ी को गीता के निष्काम कर्म और भारतीय मूल्यों से जोड़ने और शोधार्थियों के लिए विशेष संसाधन उपलब्ध कराना गीता भवन का मुख्य उद्देश्य है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को विस्तार देने के लिए 'गीता भवन' परियोजना को अब वृहद स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 413 शहरों में गीता भवन निर्माण की योजना के लिए 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में भारतीय दर्शन, कला और साहित्यिक विमर्श के लिए एक आधुनिक अवसंरचना तैयार करना है। इंदौर और जबलपुर में निर्मित गीता भवन की सफलता को आधार मानते हुए अब इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है।

**4 शहरों में प्रोजेक्ट्स स्वीकृत, 100 निकायों में भूमि चिन्हांकित-** योजना के क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए विभाग ने चार प्रमुख शहरों में ब्राउनफील्ड (Brownfield) प्रोजेक्ट्स को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें रीवा (5 करोड़ रुपये), छिंदवाड़ा (2.5 करोड़ रुपये), कटनी (2.4 करोड़ रुपये) तथा खंडवा (2 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 6 नगर निगमों सहित 100 नगर पालिकाओं में 'ग्रीनफील्ड' प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है, जिनकी डीपीआर (DPR) को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शेष 313 नगरीय निकायों में भी भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है और जिला कलेक्टरों के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया प्रचलन में है।

### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे सांस्कृतिक केंद्र

प्रत्येक 'गीता भवन' को एक बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके प्रमुख घटकों में अत्याधुनिक ऑडिटोरियमः वृहद स्तर पर सांस्कृतिक एवं वैचारिक आयोजनों के लिये ज्ञान का केंद्रः ज्ञानार्जन के लिए समृद्ध लाइब्रेरी एवं हाई-टेक ई-लाइब्रेरी। व्यावसायिक एवं जन-सुविधाएंः कैफेटेरिया और विशेष रूप से पुस्तकों एवं आध्यात्मिक सामग्री के लिए समर्पित विक्रय केंद्र शामिल हैं।

# सशक्त एवं जागरूक उपभोक्ता ही मजबूत अर्थ व्यवस्था की नींव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने सभी को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह याद दिलाता है कि एक सशक्त और जागरूक उपभोक्ता ही मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव होता है। श्री राजपूत ने कहा कि खाद्य पदार्थों के रूप में धीमा जहर देने वाले के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें, तभी इस दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक नागरिक किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है इसलिए उसके अधिकारों की रक्षा करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उपभोक्ताओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और उचित मूल्य पर वस्तुएं एवं सेवाएं उपलब्ध हो, यह हमारा दायित्व भी है और संकल्प भी है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि खरीददारी करते समय बिल लेना, उत्पाद की गुणवत्ता और समाप्ति की तिथि अवश्य देखना, किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराना, यह सभी जागरूक उपभोक्ता को मजबूत बनाते हैं। उपभोक्ताओं के हित में भारत सरकार ने वर्ष 2019 में नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम बनाया। यह कानून उपभोक्ताओं के रक्षा की गारंटी देता है।

# नौ दिनों तक नॉनवेज की बिक्री प्रतिबंधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध मां शारदा की नगरी में चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान मैहर नगर पालिका क्षेत्र में 9 दिनों नॉनवेज पर बैन लगा दिया गया है। जिला प्रशासन ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए मेले की अवधि के दौरान पूरे नगर पालिका क्षेत्र में मांस, मछली और अंडे के क्रय-विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और धार्मिक भावनाओं के सम्मान में जारी किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी दिव्या पटेल द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह प्रतिबंध 19 मार्च 2026 से प्रारंभ होकर 27 मार्च की मध्य रात्रि तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान मैहर नगर पालिका सीमा के भीतर स्थित सभी मांस-मछली की दुकानें बंद रहेंगी। होटल, ढाबों और रेहड़ियों पर अंडा या मांसाहारी भोजन परोसना और बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। आदेश का उल्लंघन करने वाली दुकानों को तत्काल सील कर दिया जाएगा।

# शादी में 'बैंड' बजा रहे युवक को आया हार्ट अटैक, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी, एजेंसी।** जिले की सीमा से लगे उमरिया जिले के चंदिया में एक शादी समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बैंड बजा रहे एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक को हार्ट अटैक आने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद शादी समारोह का माहौल भी गमगीन हो गया। जानकारी के अनुसार कटनी जिले के बहोरीबंद क्षेत्र के जुझारी गांव निवासी राहुल वंशकार (21) पेशे से बैंड बाजा बजाने का काम करता था। वह अपने साथियों के साथ शुक्रवार को उमरिया जिले के चंदिया में आयोजित एक शादी समारोह में बैंड बजाने गया हुआ था। कार्यक्रम के दौरान वह अन्य साथियों के साथ बैंड बजा रहा था, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह वहीं गिर पड़ा।मौके पर मौजूद उसके साथियों और अन्य लोगों ने उसे संभालने की कोशिश की और प्राथमिक मदद देने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

# किसानों ने सीएम का जताया आभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल, एजेंसी।** उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे परियोजना को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद एक नए मोड़ पर आ गया है। परियोजना को एक्सेस कंट्रोल रोड की बजाय सामान्य हाईवे के रूप में मंजूरी मिलने के बाद, प्रभावित 62 गांवों के लगभग 400 किसान शनिवार देर रात भोपाल पहुंचे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। किसानों ने इस फैसले के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया, लेकिन साथ ही जमीन अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर अपनी गहरी नाराजगी भी जताई।

किसानों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगों को रखते हुए कहा कि प्रस्तावित मुआवजा राशि वास्तविक बाजार मूल्य से काफी कम है और यह उनके साथ अन्याय है। मुख्यमंत्री ने किसानों को धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। किसानों की सबसे बड़ी चिंता यह थी कि अगर यह हाईवे एक्सेस कंट्रोल वाला बनता तो उनके गांवों की कनेक्टिविटी पूरी तरह से खत्म हो जाती। इससे उनका दैनिक आवागमन और कृषि गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित होतीं। सरकार द्वारा इसे सामान्य हाईवे में बदलने की मांग स्वीकार किए जाने से किसानों ने बड़ी राहत की सांस ली है। इसी आभार को प्रकट करने के लिए किसान भोपाल पहुंचे थे।

# उज्जैन के युवक की कनाडा में हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन के देवास रोड स्थित पार्श्वनाथ सिटी निवासी गुरकीरत सिंह मनोचा की कनाडा में हत्या कर दी गई है। वे नॉर्थन लाइट्स कॉलेज में बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम की पढ़ाई कर रहे थे। सवा साल पहले कनाडा गए थे। वारदात को 14 मार्च को कनाडा के फोर्ट सेंट जॉन में अंजाम दिया गया। बताया गया है कि गुरकीरत का उसके कॉलेज में ही पढ़ने वाले कुछ छात्रों से विवाद हो गया था। हमले में उनको गंभीर चोटें आईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कनाडा में ही रह रहे गुरकीरत के दोस्त ने देर रात फोन कर रायपुर निवासी उनके भाई प्रबकीरत सिंह मनोचा को मामले की जानकारी दी।

## बड़वानी कलेक्टर की सलाह, बताया कैसे होगी गैस की बचत

# 'रोटी, पराठे की जगह कुछ और खा सकते हैं'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** अमेरिका-इजरायल का ईरान से युद्ध के चलते LPG सिलेंडर की किल्लत हो गई है। मध्य प्रदेश में भी लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। गैस की किल्लत के बीच बड़वानी जिले की कलेक्टर जयति सिंह ने लोगों से विशेष अपील की है। उन्होंने कहा कि ज्यादा ईंधन वाले खाने रोटी, पराठे की जगह कुछ और खाया जा सकता है।

कलेक्टर जयति सिंह ने कहा कि होटल उद्योग से जुड़े लोगों से अपील करती हूं कि LPG गैस सिलेंडर की जगह वैकल्पिक साधनों का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शादियों में इंडक्शन चूल्हा, डीजल भट्टी का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ज्यादा ईंधन खर्च वाले रोटी, पराठे की जगह कुछ और खा सकते हैं। कलेक्टर जयति सिंह ने शादी के सीजन और होटल कारोबार को लेकर कहा कि हम लोग अपने मेन्यू में भी एक बार फिर से पुनर्विचार कर सकते हैं। अगर विवेकपूर्ण निर्णय लेने से परिस्थितियां प्रतिकूल हो सकती है। हालांकि उन्होंने कहा कि जिले में गैस की किल्लत नहीं है। लोगों को थोड़ा सा इंतजार करना पड़ सकता है। मध्य प्रदेश की राजधानी समेत सभी जिलों में गैस की किल्लत की खबरें सामने आ रही हैं। कई जिलों में सर्वर डाउन होने के कारण ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है। राजधानी भोपाल में 10 दिनों में गैस की डिलीवरी हो रही है। वहीं, दूसरी तरफ गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी को लेकर प्रशासन की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। भोपाल और इंदौर समेत प्रदेश के ज्यादातर जिलों में कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद है जिस कारण होटल कारोबार प्रभावित हो रहा है। कई होटलों में मेन्यू छोटा कर दिया गया है।

# नमाज अदा कर औपचारिक रूप से मनेगी ईद

## न नए कपड़े, न जश्न मनाएंगे

### • शिया समाज का सुप्रीम लीडर की मौत पर फैसला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर, एजेंसी। बुरहानपुर में शिया समाज ने इस बार ईद पर खुशी का इजहार न करने का फैसला किया है। यह निर्णय ईरान के सुप्रीम लीडर आयातुल्ला अली खामेनेई के निधन के शोक में लिया गया है। समाज के सदस्यों ने रविवार को यह घोषणा की कि वे ईद पर न तो नए कपड़े पहनेंगे और न ही किसी तरह की खुशी मनाएंगे, बल्कि इसे केवल एक औपचारिकता के तौर पर मनाएंगे।**

बता दें कि पिछले दिनों अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे तनाव के दौरान आयातुल्ला अली खामेनेई का निधन हो गया था। शिया समाज ने इसे 'शहादत' बताते हुए अमेरिका और इजराइल के खिलाफ विरोध दर्ज कराया था। समाज अभी भी उनके निधन से आहत है, और रमजानुल मुबारक का महीना भी चल रहा है। मध्यप्रदेश ऑल इंडिया शिया समाज के प्रेसिडेंट आबिद कजलबाश उर्फ जानी पहलवान ने इस निर्णय की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पूरा समाज हक और सच्चाई के साथ खड़ा है और सभी ने मिलकर यह फैसला लिया है कि ईद पर किसी तरह का खुशी का इजहार नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नमाज अदा की जाएगी, लेकिन नए कपड़े पहनकर खुशी मनाने की परंपरा का पालन नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि बुरहानपुर में भी शिया समाज के लोग बड़ी संख्या में निवास करते हैं, और यह निर्णय स्थानीय समुदाय पर भी लागू होगा।

## संपादकीय

# मर्यादापूर्ण मृत्यु: संवेदना और कानून का मिलन

सुप्रीम कोर्ट के दो जजों जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन ने भावुक होने के बाद भी बेहद तार्किक और संवेदनशील तरीके से करीब 13 साल से कोमा में रह रहे हरीश राणा को इच्छामृत्यु की मंजूरी दी। दोनों जजों ने इस मंजूरी से पहले देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों जस्टिस दीपक मिश्रा और जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एके सीकरी और जस्टिस अशोक भूषण के पैसिव इच्छामृत्यु के बारे में दिए गए उनके फैसलों के पन्ने भी पलट डाले और 338 पेज के अपने फैसले में कहीं कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। मंडे मोटिवेशन में जानते हैं इन दोनों जजों की फैसला लिखने से पहले की दिल छू लेने वाली कहानी। सुप्रीम कोर्ट के जज जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन ने अपने फैसलों में कहा है कि संविधान पीठ ने भी एक्टिव यूथेनेशिया को एक पॉजिटिव एक्ट माना है, जिसमें घातक इंजेक्शन देना या दवा देना शामिल है, जो मृत्यु का कारण बन सकते हैं या मौत की ओर ले जा सकते हैं। वहीं, पैसिव इच्छामृत्यु में सीधे तौर पर प्रक्रिया में शामिल नहीं होता है। इसमें मृत्यु देने की प्रक्रिया में सीधे तौर पर दखल नहीं दिया जाता है। मुख्य रूप से इसमें मेडिकल ट्रीटमेंट या मेडिकल उपकरणों का हटाया जाना शामिल होता है। इसमें वेंटिलेटर हटाना या फीडिंग ट्यूब हटाने जैसी प्रक्रियाएं शामिल हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस दीपक मिश्रा की इस बारे में टिप्पणी पर भी विचार किया। जस्टिस दीपक मिश्रा ने एक फैसले में कहा था कि यह ध्यान में रखना आवश्यक है कि निष्क्रिय इच्छामृत्यु का मूल अर्थ रोगी या डॉक्टरों द्वारा किसी भी प्रत्यक्ष कार्य का न होना है। सक्रिय इच्छामृत्यु में रोगी के जीवन को समाप्त करने के लिए एक विशिष्ट प्रत्यक्ष कार्य किया जाता है, जबकि निष्क्रिय इच्छामृत्यु में, रोगी के जीवन को बचाने के लिए आवश्यक कोई कार्य नहीं किया जाता है। जस्टिस एके सीकरी ने अपने एक फैसले में इस बारे में यह तार्किक व्याख्या की है। जस्टिस एके सीकरी ने कहा था कि दो तरीके हैं-पहला है सक्रिय इच्छामृत्यु, जिसमें मृत्यु की दवाएं दी जाती हैं। सक्रिय इच्छामृत्यु में चिकित्सक-सहायता प्राप्त आत्महत्या भी शामिल है, जिसमें इंजेक्शन या दवाएं चिकित्सक द्वारा दी जाती हैं। लेकिन दवा लेने का काम मरीज खुद करता है।

## सैर सपाटा

# पेरिस, मालदीव नहीं, हनीमून के लिए छा रही हैं ये डेस्टिनेशन

## यहां आसमान लगता है बड़ा ही खूबसूरत

अगर आपकी जल्द ही शादी होने वाली है तो आप सोच रहे होंगे कि अपने हनीमून पर कहां इंटनेशनल ट्रिप करें, तो हम आपको भारत के बाहर उन देशों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो हनीमून के लिए ज्यादातर कपल की पहली पसंद है। अगर आपको लग रहा हैं, ये डेस्टिनेशन पेरिस, मालदीव, फ्रांस हैं तो ऐसा नहीं है। हनीमून के लिए हम आपको दुनिया के उन देशों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो टूरिज्म के मामले में दिन- प्रतिदिन ग्रोथ कर रहा है।

### ग्रीस

ग्रीस दक्षिणी यूरोप में बसा एक खूबसूरत देश हैं, जो अपने ऐतिहासिक मॉन्यूमेंट्स, खूबसूरत बीचेस, बेस्ट सनराइज और टेस्टी फूड के लिए जाना जाता है। हनीमून के लिए यहां आना बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यहां के बीचेस की गिनती दुनिया के बेस्ट बीच में की जाती है। यहां आ अपने पार्टनर से साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं। वहीं एक्सप्लोर करने के लिए यहां काफी कुछ है। यहां आप एथेंस का एक्रोपोलिस, अपोलो टेंपल, मेटियोरा और कार्फू का पुराना शहर जैसी वर्ल्ड फेमस जगहें हैं। यही नहीं यहां की नाइटलाइफ भी एक शानदार है।



### आइसलैंड



अगर आप हनीमून के लिए ऐसे देश की तलाश कर रहे हैं, जहां जन्नत का एहसास हो तो पहुंच जाइए आइसलैंड। बता दें, आइसलैंड यूरोप और दुनिया के सबसे खूबसूरत देशों में से एक है। यहां के कैफे नाइटलाइफ और सुंदर बीच कपल्स को एक अच्छा और हेल्दी एनवायरमेंट प्रदान करते हैं। वहीं यहां पर नॉर्दन लाइट भी देख सकते हैं। जिसे देखने के लिए यहां आने वाला हर टूरिस्ट बेताब रहता है। बता दें, इसे औरोरा बोरेलिस (Aurora Borealis) कहते हैं, जो एक प्राकृतिक घटना है। इस दौरान आसमान का रंग हरे, गुलाबी और बैंगनी रंग में बदल जाता है।

### बहामास



यदि आप उनमें से हैं जो अपने हनीमून के मोटा बजट बनाकर चल रहे हैं, तो हम आपको कैरेबियन देश बहामास के बारे में बताने जा रहे हैं। अन्य देशों की तुलना में ये डेस्टिनेशन काफी महंगी है, लेकिन यहां आकर आप अपने हनीमून के शानदार पल बीता सकते हैं। सनबाथ लेने के लिए यहां के बीचेस को बेस्ट माना गया है। बता दें, यहां आप अपने पार्टनर के साथ हार्बर आइलैंड, पिंग बीच और पैराडाइज आइलैंड को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### हवाई आइलैंड



अगर आपकी नई- नई शादी हुई है, तो हनीमून के लिए यहां आना अच्छा ऑप्शन हो सकता है। हवाई आईलैंड की सुंदरता, शांति और काफी रोमांटिक वाइब आपको यहां मिलती है, जो आपके हनीमून को यादगार बना देगा। बता दें, हवाई आईलैंड सुपर रोमांटिक बीचेस और सुंदर जंगलों के कारण देश और दुनिया में जाना जाता है। इसी के साथ आप यहां आकर एक्टिव ज्वालामुखी भी देख सकते हैं।

### इंटरनेशनल ट्रिप करने से पहले सलाह



अगर आप हनीमून पर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं और किसी भी तरह के झंझट से बचने कि लिए जरूरी डॉक्यूमेंट्स रख लें। जिसमें पासपोर्ट- वीजा सबसे जरूरी है। इसी के साथ ऊपर बताए गए किसी भी देश में ट्रैवल करने से पहले रिसर्च जरूर कर लें। इसी के साथ अपने रुपए दूसरे देश की करेंसी में बदलना न भूलें।

## New Delhi

# राज्यसभा चुनाव: बिहार-ओडिशा और हरियाणा की 11 सीटों पर वोटिंग आज, बिहार में AIMIM की चाल से कौन मारेगा बाजी?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राज्यसभा की 11 सीटों के लिए सोमवार को चुनाव कराए जाएंगे। इनमें बिहार की पांच, ओडिशा की चार और हरियाणा की दो सीटें शामिल हैं। नतीजे सोमवार को ही घोषित किए जाएंगे। गौरतलब है कि देशभर में इस बार राज्यसभा की 37 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। इनमें से 26 सीटों पर उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं।

बिहार, ओडिशा और हरियाणा की राज्यसभा की 11 सीटों पर सोमवार को होने वाले मतदान से पहले सियासी हलचल तेज है। खास तौर पर बिहार में एआईएमआईएम के रुख ने विपक्षी महागठबंधन को उलझा दिया है। यहां आईआईपी और कुछ कांग्रेस विधायकों के भी राजग के



उम्मीदवारों के पक्ष में वोट करने के संकेत हैं। इसके अलावा ओडिशा और हरियाणा में हॉर्स ट्रेडिंग के भय से सभी पक्ष अपने अपने विधायकों को सुरक्षित जगहों पर लेकर चले गए हैं। बिहार में मुकाबला पांचवीं सीट के लिए भाजपा के शिवेश राम और राजद के एडी सिंह के बीच है। इस सीट पर जीत के लिए विपक्षी महागठबंधन को अपने 35 विधायकों को एकजुट रखते हुए एआईएमआईएम के पांच और बसपा के एक विधायक के समर्थन की अनिवार्य जरूरत है। राजग को तीन अतिरिक्त मतों की जरूरत है। शनिवार को एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमाम और राजद के मुखिया तेजस्वी यादव के बीच हुई मुलाकात में कोई फैसला नहीं हो सका। राजग सूत्रों का कहना है कि एआईएमआईएम या तो उपेंद्र कुशवाहा को समर्थन करने का या मतदान से दूर रहने का निर्णय ले सकती है।

## Odisha

# कटक के मेडिकल कॉलेज में लगी भीषण आग, 10 मरीजों की मौत; 11 कर्मचारी भी घायल



**भुवनेश्वर, (एजेंसी) ओडिशा के कटक में सोमवार तड़के एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। यहां के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के आईसीयू में भीषण आग लग गई। इस घटना में अब तक 10 मरीजों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि आग सुबह करीब 2:30 से 3:00 बजे के बीच लगी।**

### ट्रॉमा केयर विभाग के आईसीयू से भड़की आग

मामले को लेकर एक अधिकारी ने बताया, आग अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग के आईसीयू में भड़की थी और देखते ही देखते आग ने बड़ा रूप ले लिया। यहां उन मरीजों का इलाज चल रहा था जिनकी हालत बहुत गंभीर थी। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें तुरंत अस्पताल पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने अभियान चलाकर आग पर काबू पाया।

### 11 कर्मचारी भी झुलसे

मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश में अस्पताल के 11 कर्मचारी भी झुलस गए। कुल 23 मरीजों को आनन-फानन में दूसरे विभागों और वार्डों में शिफ्ट किया गया। इस बचाव कार्य में अस्पताल के कर्मचारियों, पुलिस और मरीजों के साथ आए लोगों ने भी सहयोग किया।

## Chhattisgarh

# मुस्लिम एडवोकेट ने लिखा-हिंदू इबादत क्या जानें, ये लोग काफिर

**रायपुर, (एजेंसी)** रायपुर के राजातालाब इलाके में मुस्लिम एडवोकेट ने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं और हिंदुत्व को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। स्टेटस सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। विवादित पोस्ट के बाद तनाव का माहौल है। इसके विरोध में हिंदू संगठन के लोगों ने थाने का घेराव कर दिया।कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने मुस्लिम एडवोकेट के खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने के आरोप में FIR दर्ज कर ली है। यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, अंजुम खान राजातालाब का रहने वाला है और पेशे से एडवोकेट है। उसने अपने सोशल मीडिया स्टेटस पर रमजान की शुभकामनाओं के साथ हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की थी। एडवोकेट ने लिखा ये लोग इबादत क्या जानें और हिंदुओं को काफिर बोला। हिंदू संगठन के तुलेश यादव ने 14 मार्च को सोशल मीडिया पर अंजुम खान का आपत्तिजनक पोस्ट देखा। तुलेश ने हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी को लेकर आपत्ति जताई। दूसरे दिन संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ सिविल लाइन थाने पहुंचे। संगठन कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर युवक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की।

## Paschim bangal

# पश्चिम बंगाल में पुजारियों-मुअज्जिनों का मानदेय 500 बढ़ा

### अब हर महीने 2000 मिलेंगे; चुनाव के ऐलान से सवा घंटे पहले ममता का ट्वीट

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा से सवा घंटे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुजारियों और मुअज्जिनों (अजान के लिए आवाज देने वाला) के मानदेय में 500 की बढ़ोतरी की है। इन्हें अब हर महीने 2 हजार रुपए मिलेंगे। सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनरों को बकाया डीए मार्च से देने का ऐलान किया। राज्य में दो फेज 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। 4 मई को रिजल्ट आएगा।

**ममता बोलीं- बंगाल में हर समुदाय और परम्परा को महत्व दिया जाता है-** सीएम ममता ने रविवार दोपहर X पोस्ट में लिखा- पुजारी और मुअज्जिन समुदायों के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। सरकार ने मानदेय योजना के तहत पुजारियों और



मुअज्जिनों की सभी नई आवेदनों को भी मंजूरी दे दी है। ममता ने लिखा है कि हम ऐसा माहौल बनाने पर गर्व करते हैं, जहां हर समुदाय और परम्परा को महत्व दिया जाता है और मजबूत किया जाता है। हमारा प्रयास है कि हमारी समृद्ध आध्यात्मिक विरासत के संरक्षकों को उचित सम्मान और समर्थन मिले।

## खेल

# गिल-मंधाना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी: बिन्नी और द्रविड़ को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड; विश्वकप विजेता भी सम्मानित

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नई दिल्ली में आयोजित नमन अवॉर्ड्स 2026 समारोह में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और दिग्गजों को सम्मानित किया। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई के प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर क्रिकेटर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं महिलाओं में स्मृति मंधाना को उनके करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला।



शुभमन गिल ने यह पुरस्कार दूसरी बार अपने नाम किया। इससे पहले उन्हें 2023 में भी इस सम्मान से नवाजा गया था। दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतने के साथ ही गिल ने सचिन तेंदुलकर और रविचंद्रन अश्विन की बराबरी कर ली है, जिन्होंने भी यह पुरस्कार दो-दो बार जीता है। इन तीनों से अधिक बार यह सम्मान विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को मिला है। कोहली पांच बार बीसीसीआई के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर रह चुके हैं, जबकि बुमराह तीन बार यह अवॉर्ड जीत चुके हैं।

26 वर्षीय गिल ने 2025 में टेस्ट और वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि उन्हें टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी, लेकिन बाकी दोनों फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। गिल ने 2025 में टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेली गई सीरीज में 754 रन शामिल रहे। इंग्लैंड के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज में उनका औसत 70 से अधिक रहा और उन्होंने कई महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

वनडे क्रिकेट में भी गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और कुल 490 रन बनाए। इसमें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली मुहिम में बनाए गए 188 रन भी शामिल रहे। अगर सभी फॉर्मेट को मिलाकर देखा जाए तो गिल ने पिछले साल कुल 1,764 रन बनाए, जिनमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे। उनका औसत करीब 49 रहा। इसके अलावा आईपीएल में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते हुए उन्होंने 650 रन बनाए और लगभग 50 के औसत से बल्लेबाजी की।

नमन अवॉर्ड्स 2026 समारोह में बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को कर्नल सी.के. नायुडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। महिलाओं में यह सम्मान मिताली राज को दिया गया। बिन्नी बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि द्रविड़ के कोचिंग कार्यकाल में भारत ने 2024 टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। मिताली को भारतीय महिला क्रिकेट में उनके योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

अपनी कप्तानी में अंडर-19 विश्व कप जिताने वाले मुंबई के आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवर टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वहीं विदर्भ के हर्ष दुबे को 2024-25 रणजी ट्रॉफी सीजन में शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर चुना गया।

## सिनेमा

# 'लंबी जुदाई' गाने की एक्ट्रेस मधु मल्होत्रा का 72 की उम्र में निधन

### सुभाष घई ने दी श्रद्धांजलि



बॉलीवुड एक्ट्रेस मधु मल्होत्रा का 72 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 1980 से 1990 के दशक की हिंदी फिल्मों में कई यादगार किरदार निभाए थे। हालांकि कभी लीड एक्ट्रेस के तौर पर वह इंडस्ट्री में राज नहीं कर पाईं। लेकिन कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा रहीं और साइड रोल्स के जरिए ही उन्होंने लोगों के दिलों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। खैर, उनकी निधन का कारण अभी सामने नहीं आया है।

मधु के निधन की खबर मिलते ही सुभाष घई उन्हें श्रद्धांजली दी है। उन्होंने याद करते हुए कहा कि वह एक 'विनम्र' महिला थीं। सुभाष घई ने बताया था कि उन्होंने उन्हें 'लंबी जुदाई' में कास्ट क्यों किया था। उनके मुताबिक, 'ये पाकिस्तानी सिंगर रेशमा का गाया एक लोकगीत था। इसलिए मुझे पर्दे पर एक नॉर्थ इंडियन एक्ट्रेस की जरूरत थी, जिसकी आंखों में चमक हो। इसीलिए उसे कास्ट किया और गाना अमर हो गया। मैं उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करता हूं।'

## Highlights

1. **Lakadbaggha 2 teaser poster unveiled, Diwali 2026 release set**
2. **BJP's Op Lotus: DK Shivakumar as 2 held for trying to bribe MLAs**
3. **Mumbai businessman duped of ₹3.74 cr in fake gold trade scam**
4. **Main accused of running conversion racket in UP's gyms arrested, was trying to flee abroad**
5. **Haryana launches 'Bhu-mitra' WhatsApp chatbot for land, revenue services**

# Prices of weight-loss drugs set to halve in India as Ozempic patent expires this week

**NEW DEIHI, (Agency).** Swati Pradhan sees about 12 obesity patients a day at her small clinic in southern Mumbai. She expects this number to at least double from this month as Indian drugmakers prepare to launch generic versions of Novo Nordisk's blockbuster weight-loss drug at half the price.

The Danish drugmaker's key patent on semaglutide, the active ingredient in Ozempic and Wegovy that reshaped the global weight-loss industry, expires in India on 20 March. At least five Indian drugmakers—Mankind Pharma Ltd., Ajanta Pharma Ltd., Sun Pharmaceutical Industries Ltd., Dr. Reddy's Laboratories Ltd., and Lupin Ltd.—are gearing up to sell generic versions of the drug immediately after the expiry, according to their statements and post-earnings calls.

This has prompted hospitals, tele-health firms and clinics across India to





expand obesity-focused services in anticipation of a demand surge. The generic versions are expected to be at least 50% cheaper—priced at around ₹5,000 for a weekly dose — than Novo's therapy, according to people familiar with the matter who spoke on the condition of anonymity as pricing information is competitive. India is the first major country after Canada where Novo is losing patent on semaglutide and will see an onslaught of generic versions. With its large disease burden and an entrenched pharmaceutical industry known for copycat drugs, India is set to be the test case for how much the prices of these anti-obesity drugs can plummet.

Metabolic disorders such as thyroid disease, diabetes and fatty liver have surged among India's 1.4-billion-plus population, largely due to increasingly sedentary urban lifestyles. On the other hand, high-calorie diets, dripping with oil and fat, have contributed to rising weight gain in the country, which has the world's third-largest overweight population, trailing the US and China. In a move aimed at curbing aggressive commercial practices as demand booms, India's drug regulator this week banned advertising and promotional activity related to weight-loss programs.

# China's Hua Hong readies 7 nm AI chip as Beijing steps up self-sufficiency drive

**NEW DEIHI, (Agency).** China's Hua Hong Group has developed advanced chip manufacturing technology that can be used to produce AI chips, four people familiar with the matter said, a major milestone in Beijing's efforts to boost tech self-sufficiency.

The group's contract chipmaking business, Huali Microelectronics, is readying a 7-nanometre chipmaking process at its plant in Shanghai, the people said. That would make it the second Chinese chipmaker with such



advanced technology. Hua Hong is China's second-largest chipmaker. Huawei Technologies Ltd. has been in collaboration with the chipmaker for the 7 nm AI chip, the sources said.

China's largest contract chipmaker, Semiconductor Manufacturing International Corporation or SMIC, is at present the only domestic producer capable of making chips with 7 nm technologies.

SMIC uses Dutch chip equipment maker ASML's immersion machines to make 7 nm chips, but production yields — the number of good chips made per silicon wafer — have remained weak, analysts have said.

# शादी समारोह में 4.80 लाख रुपए से भरा बैग चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान नाबालिग ने लाखों रुपए से भरा बैग चोरी कर लिया। घटना के दो दिन बाद पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिनमें एक नाबालिग बैग लेकर जाता दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।**

इस मामले में पुलिस को राजगढ़-ब्यावरा की सॉसी गैंग पर भी संदेह है, जो पहले भी इस तरह की वारदातों को अंजाम दे चुकी है। शिकायत के बाद शनिवार को वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बाणगंगा थाना पुलिस ने 67 वर्षीय हरीश कुमार झा निवासी विजयनगर की शिकायत पर 4 लाख 80 हजार रुपए की चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार हरीश झा ने बताया कि 12 मार्च को मिलन सुंदरम गार्डन में उनके बेटे इंद्रजीत झा का शादी का रिसेप्शन था। समारोह के दौरान



एक ग्रे-ब्लैक रंग के बैग में पर्स, एटीएम कार्ड और करीब 4 लाख 80 हजार रुपए नकद रखे हुए थे, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। एडिशनल DCP क्राइम ब्रांच, राजेश दंडोतिया के मुताबिक हरीश झा ने बताया कि उन्होंने यह गार्डन दो दिनों के लिए किराए पर लिया था, जहां केटरिंग और अन्य व्यवस्थाओं का भुगतान किया जाना था। रात के समय दूल्हा-दुल्हन स्टेज पर थे और बाकी लोग कार्यक्रम में व्यस्त थे। इसी दौरान एक नाबालिग स्टेज पर चढ़ा और बैग उठाकर ले गया। रात में जब रुपए से भरा बैग स्टेज पर नहीं मिला तो गार्डन में मौजूद लोगों और परिचितों से पूछताछ की गई। बाद में जब शादी की रिकॉर्डिंग देखी गई तो उसमें एक बच्चा बैग लेकर स्टेज से उतरते हुए दिखाई दिया। इसके बाद गार्डन के सीसीटीवी कैमरों में भी वह बाहर जाते हुए नजर आया। फिलहाल पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने और उसकी तलाश में जुटी है।

# बाइक फिसलने से ठेकेदार की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में बाइक फिसलने से एक ठेकेदार की मौत हो गई। घायल हालत में मिलने के बाद परिजन उसे घर ले आए थे, लेकिन शनिवार शाम को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक रामनगर निवासी पूनमचंद (30) पुत्र मोहन साहू की शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। वह मकान निर्माण का काम करता था और नरवल क्षेत्र में अपनी साइट पर गया था। परिवार के अनुसार नरवल से लौटते समय मुनिबाबा आश्रम के पास उसकी बाइक फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसे देखा और उसके मोबाइल से परिवार को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो पूनमचंद बेहोश हालत में मिला। उसके शरीर पर ऊपर से कोई गंभीर चोट दिखाई नहीं दे रही थी। परिजन उसे पास के एक डॉक्टर के पास ले गए। जांच के बाद वह घर लौटकर सो गया। देर शाम अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद परिवार के लोग उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूनमचंद के परिवार में उसके पिता मोहन साहू और एक छोटा भाई है। उसके पिता भी मकान निर्माण का काम करते हैं। जानकारी के अनुसार पूनमचंद की शादी करीब सात साल पहले हुई थी। पत्नी से लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते दो माह पहले ही दोनों का तलाक हो गया था। उसकी एक बेटी है, जो तलाक के बाद अपनी मां के साथ रह रही है। बाणगंगा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

# व्यापारी ने लिफ्ट दी युवक ने चेन उड़ाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक व्यापारी को लिफ्ट देना महंगा पड़ गया। स्कूटी पर बैठा युवक रास्ते में ही व्यापारी के बैग से दो सोने की चेन चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। विजयनगर पुलिस के अनुसार महालक्ष्मी नगर निवासी नमन वाघेला की शिकायत पर शनिवार को अज्ञात युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। नमन सेनेटरी का व्यापार करते हैं। नमन वाघेला स्कूटी से बाम्बे अस्पताल क्षेत्र में गए थे। इसी दौरान रास्ते में एक युवक ने उनसे लिफ्ट मांगी और कहा कि उसे देवास नाके तक जाना है। तेज धूप होने के कारण नमन ने उसे स्कूटी पर बैठा लिया और देवास नाके के पास उतार दिया। इसके बाद वह बैंक होते हुए अपने घर चले गए। घर पहुंचने के बाद नमन ने बैग में रखा सोने की चेन का बॉक्स निकाला तो उसमें रखी दोनों चेन गायब थीं। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें एक होटल के पास आरोपी युवक स्कूटी के पीछे टंगे बैग में हाथ डालते हुए दिखाई दिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक